संख्या–**cm-16**
**06/01/2021**

# अचानक राजधानी वाटिका पहुँच गये मुख्यमंत्री, पार्क की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, बच्चों के साथ सेल्फी भी खींचवाई

पटना, 06 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एन0एम0सी0एच0 में कोविड–19 हेतु वैक्सीन सेंटर का निरीक्षण करने के उपरांत अपने आवास लौटने के क्रम में अचानक गाड़ी रूकवाई और राजधानी वाटिका पहुँच गये। राजधानी वाटिका जाकर मुख्यमंत्री ने पार्क की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बाउंसिंग पर बड़ी संख्या में बच्चों को मस्ती करते देख मुख्यमंत्री प्रसन्न हुये। मुख्यमंत्री ने राजधानी वाटिका में बच्चों के साथ सेल्फी भी खींचवाई।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में यहॉ आकर एक–एक चीज का आंकलन किया और उसी समय तय किया कि इस तरह से यहॉ पार्क बनेगा। उन्होंने कहा कि इसका पहले 2 खंड था और अब 3 खंड हो चुका है। उसी समय हमलोगों ने यह तय कर दिया था कि इसका नाम राजधानी वाटिका होगा। ये इको पार्क के नाम से भी जाना जाता है। आप देख सकते हैं कि अब यहॉ कितनी संख्या में लोग आते हैं। सच पूछिये तो पटना में अगर सबसे ज्यादा लोग कहीं आते हैं तो यहीं आते हैं। मोर के लिये यहॉ कोई दिक्कत नहीं है लेकिन जितनी संख्या उनकी बढ़नी चाहिये उस हिसाब से नहीं बढ़ी है। मोर की सुविधाओं के लिये सब तरह का इंतजाम किये गये हैं। हमारे कैम्पस में 5–6 मोर एक साथ रहते थे, पर अब आजकल कभी–कभी एक या दो ही आते हैं।

******